**Statement**

*Release date for different categories in Faridabad*

| Exchange | N-OYT-G | N-OYT-Spl | N-OYT-SS | OYT |
|---|---|---|---|---|
| Nehru Ground | 30.04.97 | Current | Current | Current |
| Sector 27 | 18.05.95 | Current | Current | Current |
| Ballabhgarh | 16.02.96 | Current | Current | Current |
| Surajkund | 05.03.97 | Current | Current | Current |
| Badurpur | 13.02.98 | Current | Current | Current |
| Hodal | 29.02.96 | Current | Current | Current |
| Palwal | 31.08.93 | Current | Current | Current |
| E-10B Main Siemens | 17.08.95 | 09.09.96 | 07.02.97 | 08.05.98 |

**दरभंगा, बिहार में ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराए गए टेलीफोन**

1385. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दरभंगा, बिहार में ग्राम पंचायतों या ग्राम प्रधानों को कुल कितने टेलीफोन उपलब्ध हैं;

(ख) वर्तमान में कुल कितने टेलीफोन कार्यरत हैं;

(ग) क्या यह सच है कि ग्राम प्रधानों के लगभग सभी टेलीफोन विशेषकर टेलीफोन नम्बर 6272-34338 खराब है; और

(घ) सरकार इन्हें सुधारने के लिए क्या कार्रवाई कर रही है?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ):** (क) दरभंगा में कुल 185 ग्राम पंचायतों को टेलीफोन सुविधा प्रदान की गई है।

(ख) कुल 159 टेलीफोन कार्यरत हैं और 26 टेलीफोन दोषपूर्ण हैं।

(ग) 1.6.98 की स्थिति के अनुसार टेलीफोन नं॰ 06272-34338 काम कर रहा है।

(घ) एम ए आर आर प्रणालियों के दोषपूर्ण संघटकों को बदलकर, दोषपूर्ण ग्रामीण सार्वजनिक टेलीफोनों को ठीक किया जा रहा है। साथ ही, उपस्करों की मरम्मत हेतु वार्षिक अनुरक्षण के लिए ठेकों पर कार्रवाई की जा रही है।

**रेलवे प्लेटफार्मों पर पी॰सी॰ओ॰ / एस॰टी॰डी॰ सुविधाएं**

1386. **श्री चिमनभाई हरीभाई शुक्ला:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे प्लेटफार्मों पर पी॰सी॰ओ॰ / एस॰टी॰डी॰ सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दूरसंचार विभाग द्वारा कोई दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए है और क्या प्राथमिकता के आधार पर इसके आबंटन का कोई प्रावधान है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी विस्तृत ब्यौरा क्या है; क्या किसी संसद सदस्य और दूरभाष सलाहकार समिति के किसी सदस्य से पश्चिमी रेलवे के अन्तर्गत रतलाम, अजमेर, बड़ोदरा, राजकोट, मुम्बई और शावानगर रेल प्रभागों के रेलवे प्लेटफार्मों पर इस सुविधा को उपलब्ध करवाने के लिए मुख्य महाप्रबंधक को कोई पत्र मिला है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) इस मामले में अब तक क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ):** (क) जी हां। रेलवे स्टेशनों सहित विभिन्न आम स्थानों में एसटीडी / आईएसडी, स्थानीय पीसीओ प्रदान करने संबंधी अनुदेश मौजूद हैं। तथापि, तकनीकी दृष्टि से व्यवहार्य होने और आवेदक द्वारा अन्य शर्तें पूरी किए जाने पर, पंजीकरण के वरिष्ठता क्रम में इनका आबंटन किया जाता है।

(ख) और (ग) जी हां। केवल मुख्य महाप्रबंधक, गुजरात को श्री चिमनभाई हरीभाई शुक्ल, संसद सदस्य (राज्य सभा) और श्री अतुल बक्शी, सदस्य टेलीफोन सलाहकार समिति से गुजरात राज्य के बड़ौदा, राजकोट और भावनगर रेलवे मण्डलों के अन्तर्गत आने वाले सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों में एसटीडी / स्थानीय पीसीओ प्रदान करने संबंधी पत्र मिले हैं।

(घ) गुजरात राज्य के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों में एसटीडी / स्थानीय पीसीओ सुविधा प्रदान कर दी गई